

मार्करम बीच टूर्नामेंट में ही अपने देश वापस लौट गए

Page-04

# tv भारतवर्ष

सच्ची खबर, सीधे आपके लिए

मोहनलाल की 'दृश्यम 3' ने तोड़े रिकॉर्ड

Page-05



## स्टालिन ने दावा किया विजय की सरकार कभी भी गिर सकती है

तमिलनाडु की राजनीति में विधानसभा चुनाव के बाद अस्थिरता की चर्चा तेज हो गई है। अभिनेता से नेता बने मुख्यमंत्री जोसेफ विजय की अगुवाई वाली सरकार फिलहाल बहुमत में दिखाई दे रही है, लेकिन विपक्षी दल लगातार इसकी स्थिरता पर सवाल उठा रहे हैं। इसी बीच DMK प्रमुख एम. के. स्टालिन ने दावा किया है कि मौजूदा सरकार कभी भी गिर सकती है और उनकी पार्टी को संभावित जल्दी चुनाव के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि हार स्थायी नहीं होती और DMK दोबारा मजबूती के साथ वापसी करेगी। हाल ही में हुए विश्वास मत में AIADMK के 25 बागी विधायकों ने भी सरकार के पक्ष में मतदान किया था। हालांकि DMK का मानना है कि अगर सहयोगी दल समर्थन वापस लेते हैं या अदालत तथा विधानसभा अध्यक्ष बागी विधायकों को अयोग्य ठहरा देते हैं, तो सरकार मुश्किल में आ सकती है। द्रविड़ मुन्नेत्र कजगम प्रमुख स्टालिन ने जिला सचिवों के साथ बैठक में कहा कि पार्टी को हर परिस्थिति के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को याद दिलाया कि DMK पहले भी चुनावी हार के बाद मजबूत वापसी करती रही है। स्टालिन ने कहा कि हार अस्थायी है। मौजूदा सरकार कभी भी गिर सकती है। पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी हार की जिम्मेदारी खुद लेते हुए कहा कि वह पार्टी की विफलता के लिए जवाबदेही स्वीकार करते हैं।

## जहांगीर खान ने छोड़ा चुनावी मैदान



पश्चिम बंगाल के फाल्टा उपचुनाव से बड़ी जानकारी सामने आई है। टीएमसी उम्मीदवार जहांगीर खान ने चुनावी मैदान से हटने का फैसला किया है। टीएमसी उम्मीदवार ने घोषणा किया है कि वो इस चुनावी प्रक्रिया से बाहर हो रहे हैं। आपको बता दें कि इस सीट पर चुनाव रद्द कर दिया गया था। जिसके बाद चुनाव आयोग ने 21 मई की तारीख चुनाव के लिए तय की थी। फाल्टा सीट पर टीएमसी की तरफ से जहांगीर खान मैदान में थे। उनका मुकाबला बीजेपी उम्मीदवार दिग्बांशु पांडा और सीपीएम के शंभु कुर्मी से होना था। लेकिन अब चुनाव से हटने के फैसले ने सबको चौंका दिया है। जहांगीर खान ने कहा कि वे निजी कारणों की वजह से चुनाव नहीं लड़ेंगे।



# TMC को झटका

# फाल्टा सीट से जहांगीर खान ने छोड़ा मैदान

राष्ट्रीय, टीवी भारतवर्ष

पश्चिम बंगाल की राजनीति में बयानबाजी और आरोप-प्रत्यारोप का दौर लगातार जारी है। अब फाल्टा विधानसभा उपचुनाव से ठीक पहले एक नया राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। तृणमूल कांग्रेस (TMC) के उम्मीदवार जहांगीर खान ने चुनावी मैदान से हटने का ऐलान कर दिया है। 21 मई को होने वाले उपचुनाव से एक दिन पहले उनके इस फैसले ने राज्य की राजनीति में हलचल बढ़ा दी है।जहांगीर खान के चुनाव से हटने पर टीएमसी ने इसे उनका निजी निर्णय बताया है। पार्टी का कहना है कि भारी दबाव के कारण उन्होंने यह कदम उठाया। टीएमसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर पोस्ट करते हुए बीजेपी और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं।पार्टी के अनुसार, 4 मई को चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद से फाल्टा विधानसभा क्षेत्र में टीएमसी के 100 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। पार्टी ने आरोप लगाया कि कई कार्यालयों में तोड़फोड़ की गई, उन्हें जबरन बंद कराया गया और कब्जा करने की कोशिशें हुईं।टीएमसी ने चुनाव आयोग की भूमिका पर भी सवाल उठाए। पार्टी का कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद आयोग ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की और पूरे मामले में आंखें मूंदे रखीं।अपने बयान में टीएमसी ने कहा कि तमाम दबावों के बावजूद पार्टी कार्यकर्ता मजबूती से डटे हुए हैं और बीजेपी द्वारा एजेंसियों और प्रशासन के जरिए फैलाए जा रहे डर का विरोध कर रहे हैं। हालांकि, कुछ लोग दबाव में आ गए और चुनावी प्रक्रिया से हटने का फैसला कियावहीं, जहांगीर खान ने अपने फैसले को फाल्टा में शांति और विकास से जोड़ते हुए कहा कि वह क्षेत्र में तनाव नहीं चाहते। उन्होंने कहा, "मैं फाल्टा का बेटा हूं और चाहता हूं कि यहां शांति बनी रहे तथा विकास हो। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी फाल्टा के विकास के लिए विशेष पैकेज दे रहे हैं, इसलिए मैंने पुनर्मतदान से खुद को अलग करने का निर्णय लिया है।"टीएमसी ने अंत में कहा कि बीजेपी के खिलाफ उनकी राजनीतिक लड़ाई पश्चिम बंगाल से लेकर दिल्ली तक जारी रहेगी।

- **फाल्टा उपचुनाव से ठीक पहले टीएमसी उम्मीदवार जहांगीर खान ने चुनावी मैदान से हटने का ऐलान किया, जिससे बंगाल की राजनीति में हलचल तेज हो गई।**
- **टीएमसी ने बीजेपी और चुनाव आयोग पर दबाव बनाने, कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी और पार्टी कार्यालयों में तोड़फोड़ कराने के आरोप लगाए हैं।**

## उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूरी का निधन



उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता भुवन चंद्र खंडूरी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उन्होंने 91 वर्ष की आयु में आखिरी सांस ली। पूर्व सीएम के परिवार ने उनके निधन की जानकारी दी है। पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूरी के परिवार में पत्नी अरुणा, एक बेटा मनीष और बेटी रितु खंडूरी भूषण हैं। पूर्व सीएम खंडूरी की बेटी और राज्य विधानसभा की अध्यक्ष रितु खंडूरी भूषण ने अपने पिता के निधन की पुष्टि करते हुए बताया कि वयोवृद्ध नेता ने करीब 11 बजे एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। दरअसल, पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूरी लंबे समय से उम्र संबंधी समस्याओं से ग्रस्त थे। उन्हें कुछ दिन पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया था। राजनीति में आने से पहले पूर्व सीएम भारतीय सेना से मेजर जनरल के पद से रिटायर हुए। वह 'जनरल साहब' के नाम से भी मशहूर थे। उनकी छवि एक अनुशासन प्रिय प्रशासक की थी। भुवन चंद्र खंडूरी दो बार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रहे। साल 2007 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद भुवन चंद्र खंडूरी मुख्यमंत्री बने थे। हालांकि, 2009 में लोकसभा चुनावों में प्रदेश की पांचों सीटों पर पार्टी को मिली पराजय का जिम्मा लेते हुए उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया था।

## दिल्ली-गोवा में 7 ठिकानों पर छापेमारी

सोमवार सुबह तड़के ही ईडी की टीमों ने दिल्ली और गोवा में एक साथ 7 अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई दीपक सिंगला, महेश सिंगला, अमरिक गिल और इस मामले से जुड़े अन्य आरोपियों के परिसरों पर की गई। घंटों चली इस छापेमारी के दौरान जांच एजेंसी को वित्तीय हेरफेर और मनी लॉन्ड्रिंग के पुख्ता सबूत मिले, जिसके आधार पर दीपक सिंगला को गिरफ्तार कर लिया गया। यह पूरा मामला 'महेश टिंबर प्राइवेट लिमिटेड' और उससे जुड़े प्रमोटर्स के खिलाफ दर्ज बैंक ऋण धोखाधड़ी से संबंधित है। ईडी के मुताबिक, संबंधित कंपनियों और आरोपियों ने मिलीभगत करके बैंकों से लोन के रूप में बड़ी राशि ली और फिर धोखाधड़ी कर 155 करोड़ रुपये हड़प लिए।

# डॉग बाइट मामलों पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित

## आवारा कुत्तों पर सख्त रुख बरकरार



- **शीर्ष अदालत ने कहा, "ABC (Animal Birth Control) नियमों को सही तरीके से लागू करने में गंभीर लापरवाही हुई है, जिसकी वजह से समस्या बढ़ी। हमारे 7 नवंबर, 2025 आदेश का राज्यों ने सही पालन नहीं किया। आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं लगातार हो रही हैं।"**

सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक संस्थानों के परिसरों से कुत्ते को हटाने के निर्देशों को वापस लेने की अर्जी खारिज कर दी है। सुप्रीम अदालत ने अपने पुराने आदेश में बदलाव की मांग खारिज की। शीर्ष अदालत ने डॉग लवर्स की याचिका को खारिज कर दिया है। इसका मतलब है कि स्कूल, कॉलेज, अस्पतालों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक जगहों से कुत्तो को हटाने का सुप्रीम कोर्ट का आदेश बरकरार रहेगा। कोर्ट ने कहा, "एनिमल वेलफेयर बोर्ड के SOP के खिलाफ सभी आवेदन हम खारिज कर रहे हैं।" सुप्रीम कोर्ट ने स्कूल, अस्पताल और रेलवे स्टेशन जैसे संस्थागत क्षेत्रों से सभी आवारा कुत्तों को हटाने के अपने 25 नवंबर के आदेश में संशोधन करने से इंकार कर दिया। आवारा कुत्तों को वापस ना छोड़ने का निर्देश भी जारी रहेगा। कोर्ट ने कहा, "राज्यों को एनिमल बर्थ कंट्रोल रूल्स का पालन करना चाहिए था। तब ऐसी स्थिति नहीं बनती।" कोर्ट ने कहा कि यह सार्वजनिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और इकोलॉजिकल बैलेंस का मामला है। शीर्ष अदालत ने कहा, "डॉग बाइट की समस्या चिंता में डालने वाली है। राजस्थान के गंगानगर, सीकर, उदयपुर और भीलवाड़ा से हमें चौंकाने वाले आंकड़े मिले हैं। तमिलनाडु समेत दूसरे राज्यों से भी ऐसे ही आंकड़े सामने आए हैं। दिल्ली के IGI एयरपोर्ट में भी जनवरी से अब तक 31 डॉग बाइट की घटनाएं हुई हैं। विदेशी पर्यटकों को भी कुत्तों ने काटा है। देश भर में रैबीज से मौत की कई घटनाएं हुई हैं।

# दिल्ली शराब घोटाला केस:

# जजों पर टिप्पणी को लेकर AAP नेतृत्व पर अवमानना कार्रवाई





दिल्ली आबकारी नीति (कथित शराब घोटाला) मामले में आम आदमी पार्टी (AAP) के शीर्ष नेतृत्व की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। दिल्ली हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं को आपराधिक अवमानना (Criminal Contempt) के मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अदालत ने अवमानना मामले में सभी नेताओं को अपना जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई 4 अगस्त को होगी। यह नोटिस जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा द्वारा शुरू की गई स्वतः संज्ञान कार्यवाही के तहत जारी किया गया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने शराब नीति मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस शर्मा और न्यायपालिका की छवि को धूमिल करने के लिए सोशल मीडिया पर एक सोची-समझी साजिश के तहत अपमानजनक अभियान ( चलाया था। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा द्वारा मामले को रेफर किए जाने के बाद, जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस रविंद्र डुडेजा की डिवीजन बेंच ने आज (19 मई 2026, मंगलवार) इस आपराधिक अवमानना मामले पर सुनवाई की। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज सहित नामजद सभी 'आप' नेताओं को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ था जब आबकारी नीति मामले में सीबीआई और ईडी की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने खुद को केस से अलग (Recuse) करने की 'आप' नेताओं की मांग को एक विस्तृत आदेश के जरिए खारिज कर दिया था। जस्टिस शर्मा का आरोप है कि इस फैसले के बाद आम आदमी पार्टी के नेताओं और उनके सोशल मीडिया विंग ने जजों की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर बेहद 'अपमानजनक और आपत्तिजनक' पोस्ट साझा किए।



# भारत-नॉर्डिक संबंधों को नई मजबूती, पीएम मोदी ने आइसलैंड पीएम से की मुलाकात

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन से पहले आइसलैंड और नॉर्वे के नेताओं से मुलाकात की। भारत-नॉर्वे संबंधों को हरित रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया, जबकि स्वच्छ ऊर्जा, समुद्री सुरक्षा, अंतरिक्ष और तकनीकी सहयोग पर कई समझौते हुए।**



**टीवी भारतवर्ष अंतर्राष्ट्रीय**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार (स्थानीय समयानुसार) को तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन से पहले आइसलैंड की प्रधानमंत्री क्रिस्ट्रुन म्जोल फ्रॉस्टडॉटिर के साथ द्विपक्षीय बैठक की। प्रधानमंत्री मोदी राजधानी में आयोजित होने वाले तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में नॉर्वे, डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड और स्वीडन के प्रधानमंत्रियों के साथ शामिल होंगे। यह उच्च स्तरीय सम्मेलन 2018 में स्टॉकहोम और 2022 में कोपेनहेगन में हुए पिछले सम्मेलनों के दौरान स्थापित आधारभूत ढाँचों पर आधारित, नॉर्डिक ब्लॉक के साथ नई दिल्ली के भू-राजनीतिक गठबंधन को मजबूत करने के लिए बनाया गया है। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ओस्लो में नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोरे के साथ हुई वार्ता के बाद भारत और नॉर्वे ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को हरित रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ा दिया है। एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने चर्चाओं को फलदायी वार्ता बताया और स्वच्छ और टिकाऊ क्षेत्रों में सहयोग को बैठक का एक प्रमुख परिणाम बताया।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक हमारी द्विपक्षीय साझेदारी को हरित रणनीतिक साझेदारी में उन्नत करना था, जो स्वच्छ ऊर्जा, सतत विकास, नीली अर्थव्यवस्था और हरित जहाजरानी के साथ-साथ कई अन्य क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि दोनों पक्षों ने "नवाचार, अनुसंधान, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और कौशल विकास" में सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर भी विचार किया। प्रधानमंत्री मोदी ने नॉर्वे के इंडो-पैसिफिक ओशन्स इनिशिएटिव में शामिल होने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा, "नॉर्वे को इंडो-पैसिफिक ओशन्स इनिशिएटिव में शामिल होते देखना खुशी की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नॉर्वे की आधिकारिक यात्रा के दौरान 12 समझौतों और पहलों पर हस्ताक्षर के साथ भारत और नॉर्वे ने द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण उन्नति की, जो जलवायु, प्रौद्योगिकी, समुद्री और वैज्ञानिक क्षेत्रों में सहयोग के व्यापक विस्तार का संकेत है।इस यात्रा ने भारत-नॉर्वे संबंधों में एक बड़ी उन्नति का संकेत दिया, जिसमें दोनों पक्षों ने साझेदारी को हरित रणनीतिक साझेदारी में बदलने पर सहमति व्यक्त की, जो सतत विकास, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और हरित औद्योगिक विकास के प्रति साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई, चक्रीय अर्थव्यवस्था की पहलों और भारत की विशालता और विनिर्माण क्षमताओं के साथ नॉर्वे की तकनीकी विशेषज्ञता का लाभ उठाने पर केंद्रित एक संयुक्त वक्तव्य अपनाया गया। प्रमुख परिणामों में, नॉर्वे औपचारिक रूप से हिंद-प्रशांत महासागर पहल में शामिल हो गया, जिससे समुद्री सुरक्षा पर सहयोग मजबूत हुआ और एक स्वतंत्र, खुले और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए समर्थन की पुष्टि हुई।

## सीजेआई सूर्यकांत की टिप्पणी 'युवाओं को सड़कों पर विरोध प्रदर्शन नहीं करना चाहिए'

**टीवी भारतवर्ष राष्ट्रीय**

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने मंगलवार को कहा कि यद्यपि सभी भारतीयों को शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का अधिकार है, लेकिन युवाओं को सड़कों पर विरोध प्रदर्शन नहीं करना चाहिए, उन्होंने विशेष रूप से नवी मुंबई हवाई अड्डे के लिए एक विशिष्ट नाम की मांग को लेकर हो रहे प्रदर्शनों का जिक्र किया। सुप्रीम कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम बदलकर 'लोकनेता डी बी पाटिल नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा' रखने की याचिका को भी खारिज कर दिया और कहा कि यह मुद्दा नीति निर्माण के अंतर्गत आता है, इसलिए सुप्रीम कोर्ट इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता। सुनवाई के दौरान, इस मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन कर रहे युवाओं के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज किए जाने की दलील पर प्रतिक्रिया देते हुए, मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि प्रदर्शनकारी व्यक्तियों को धमकी नहीं देनी चाहिए और कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा नहीं करनी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश कांत ने कहा कि सभी को शांतिपूर्ण और वैध विरोध प्रदर्शन का अधिकार है... जैसा कि कानून में अनुमत है, किया जा सकता है। लेकिन सड़कों पर उतरकर आम आदमी के लिए समस्या पैदा नहीं करनी चाहिए। नाम बदलने की याचिका प्रकाशझोट सामाजिक संस्था द्वारा दायर की गई थी, जिसमें केंद्र से राज्य सरकार के हवाई अड्डे का नाम बदलने के प्रस्ताव पर समय पर निर्णय लेने का आह्वान किया गया है। मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि यह नीति-निर्माण में हस्तक्षेप करने के बराबर होगा। मुख्य न्यायाधीश कांत कथित तौर पर कुछ लोगों को "तिलचट्टे" और "परजीवी" कहने के बाद सुर्खियों में आ गए।




## भारत को जल्द मिलेगा एस-400 का चौथा स्क्वाड्रन

**टीवी भारतवर्ष राष्ट्रीय**

भारत को इस सप्ताह के अंत तक रूस निर्मित एस-400 वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली का चौथा स्क्वाड्रन मिलने वाला है। इस डिलीवरी में एक उच्च स्तरीय समन्वित लॉजिस्टिक्स ऑपरेशन शामिल है, जिसमें समुद्री मार्ग और भारी-भरकम सैन्य परिवहन विमानों का संयोजन किया गया है। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के अधिकारियों द्वारा प्रेषण से पहले किए गए कड़े निरीक्षण के बाद, विशाल घटकों को क्षति और ट्रैकिंग से बचाने के लिए विशेष कंटेनरों में पैक किया जाता है। 2018 में हस्ताक्षरित 5.43 अरब डॉलर के मूल अनुबंध के तहत कुल पांच इकाइयों के लिए चौथी एस-400 स्क्वाड्रन की डिलीवरी एक महत्वपूर्ण चरण को दर्शाती है। इस चौथी इकाई को राजस्थान सेक्टर में रणनीतिक तैनाती के लिए निर्धारित किया गया है ताकि भारत की पश्चिमी सीमा पर लंबी दूरी की मिसाइल और ड्रोन रक्षा को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत किया जा सके। यह डिलीवरी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सिस्टम की तैनाती के बाद हुई है, जहां मौजूदा तीन एस-400 स्क्वाड्रनों (अब 'सुदर्शन चक्र' के नाम से स्थानीयकृत) ने हवाई खतरों के खिलाफ एक विश्वसनीय रक्षा ग्रिड स्थापित किया था। इस प्रारंभिक समझौते के तहत पांचवीं और अंतिम स्क्वाड्रन नवंबर तक मिलने की उम्मीद है और इसे संभवतः चीन के साथ उत्तरी सीमा पर तैनात किया जाएगा। इसके अलावा, रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने भारत की बहुस्तरीय "आयरन डोम" संरचना को पूर्ण रूप से विकसित करने के लिए पांच अतिरिक्त एस-400 इकाइयों की खरीद के प्रस्ताव को पहले ही मंजूरी दे दी है। अत्यधिक भारी-भरकम और विशालकाय मशीनरी जैसे कि मुख्य मिसाइल ट्रांसपोर्टर-इरेक्टर-लॉन्चर (TELs) और तकनीकी सहायता वाहन को रूस में सुरक्षित मालवाहक जहाजों पर लोड किया जाता है। इसके बाद यह भारी खेप भारत के विशेष रणनीतिक बंदरगाहों पर पहुँचती है।



## वैश्विक संकट के बीच जापान की अर्थव्यवस्था ने दिखाई मजबूती

**टीवी भारतवर्ष अंतर्राष्ट्रीय**



वैश्विक स्तर पर जारी ऊर्जा संकट और पश्चिम एशिया (मिडल ईस्ट) के तनाव के बावजूद जापान की अर्थव्यवस्था ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल की जनवरी-मार्च तिमाही में जापान की अर्थव्यवस्था 2.1 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ी है, जो वैश्विक मंदी की आशंकाओं के बीच इसकी मजबूती को दर्शाती है। मंगलवार को कैबिनेट कार्यलिय द्वारा जारी प्रारंभिक आंकड़ों के मुताबिक, पिछली तिमाही के मुकाबले मौसमी समायोजन (Seasonal Adjustment) के आधार पर जापान का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (Real GDP) 0.5 प्रतिशत बढ़ा है। यह लगातार दूसरी तिमाही है जब जापान की विकास दर में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है। उपभोक्ताओं और व्यवसायों द्वारा बढ़ा हुआ खर्च अपेक्षा से बेहतर परिणामों में सहायक रहा। सरकारी खर्च में वृद्धि ने भी इस विस्तार को समर्थन दिया। मंत्रिमंडल कार्यलिय से प्राप्त प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार निजी उपभोग तिमाही आधार पर 0.3 प्रतिशत और वार्षिक आधार पर 1.1 प्रतिशत की दर से बढ़ा। सार्वजनिक मांग भी पिछली तिमाही के मुकाबले 0.3 प्रतिशत बढ़ी। तिमाही में जापान का कुल आयात 0.5 प्रतिशत बढ़ा जबकि निर्यात में 1.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस सकारात्मक आर्थिक वृद्धि के बीच जापान की प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची ने अर्थव्यवस्था की इस रफ्तार को बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने देश में पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने और बाजार को स्थिरता देने का वादा किया है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि इस विकास दर को आगे भी बरकरार रखने के लिए आने वाले समय में जापान सरकार को अपने बजट और सरकारी खर्च में उल्लेखनीय बढ़ोतरी करनी पड़ सकती है, ताकि घरेलू बाजारों को वैश्विक ऊर्जा संकट के असर से सुरक्षित रखा जा सके।

# ईरान पर बड़ा अमेरिकी हमला टला, ट्रंप ने किया चौंकाने वाला खुलासा

**टीवी भारतवर्ष अंतर्राष्ट्रीय**



पश्चिम एशिया (मिडल ईस्ट) में जारी भारी तनाव के बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलान किया है कि उन्होंने कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के शीर्ष नेतृत्व के विशेष अनुरोध पर ईरान पर होने वाले एक बेहद बड़े सैन्य हमले की योजना को फिलहाल रोक दिया है। यह सुनियोजित हमला मंगलवार को होना तय था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि इस समय ईरान के साथ बेहद गंभीर दौर की बातचीत चल रही है, जो एक ऐसे समझौते तक पहुँच सकती है जो अमेरिका सहित पश्चिम एशिया के सभी देशों को स्वीकार्य होगा। ट्रंप ने सोमवार को 'ट्रुथ सोशल' पर यह घोषणा की जिसमें उन्होंने अमेरिका-ईरान युद्ध में मध्यस्थता कर रहे पाकिस्तान का कोई जिक्र नहीं किया। उन्होंने कहा, "कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल थानी, सऊदी अरब के शहजादे मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने मुझसे ईरान पर कल (मंगलवार) होने वाले हमारे सुनियोजित सैन्य हमले को स्थगित करने का अनुरोध किया है।" ट्रंप ने 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यलिय) में कहा, "हम कल एक बहुत बड़ा हमला करने की तैयारी कर रहे थे। मैंने इसे कुछ समय के लिए टाल दिया है। उम्मीद तो है कि यह हमेशा के लिए हो, लेकिन फिलहाल संभवतः कुछ समय के लिए है। हमने ईरान के साथ व्यापक बातचीत की है और हम देखेंगे कि उनका क्या नतीजा निकलता है।" ट्रंप ने कहा कि सऊदी अरब, कतर, यूएई और कुछ अन्य देशों ने उनसे पूछा था कि क्या अमेरिका इसे दो या तीन दिन के लिए यानी थोड़े समय के लिए टाल सकता है क्योंकि उन्हें लगता है कि वे एक समझौते पर पहुंचने के बेहद करीब हैं।



## संपादक की कलम से

किसी भी देश का भविष्य उसके युवाओं पर निर्भर करता है। युवा शक्ति केवल जनसंख्या का हिस्सा नहीं होती, बल्कि राष्ट्र की ऊर्जा, रचनात्मकता और विकास की सबसे बड़ी ताकत होती है। लेकिन आज जिस तेजी से युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है, वह समाज और देश के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। शराब, तंबाकू, ड्रग्स और नशीले पदार्थों का बढ़ता चलन न केवल युवाओं के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक समस्याओं को भी जन्म दे रहा है। आज का युवा कई प्रकार के दबावों से घिरा हुआ है। प्रतियोगिता, करियर की चिंता, बेरोजगारी, पारिवारिक तनाव और सामाजिक अपेक्षाओं का बोझ मानसिक दबाव को बढ़ाता है। कई बार युवा तनाव से बचने या आधुनिकता की झूठी छवि के प्रभाव में नशे की ओर आकर्षित हो जाते हैं। फिल्मों, सोशल मीडिया और गलत संगति का प्रभाव भी इस प्रवृत्ति को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है। कुछ युवाओं के लिए नशा 'स्टेटस सिंबल' बनता जा रहा है, जो बेहद चिंताजनक है।नशे का प्रभाव केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका असर पूरे परिवार और समाज पर पड़ता है। नशे की लत व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता को प्रभावित करती है, जिससे अपराध, हिंसा और सड़क दुर्घटनाओं जैसी घटनाएं बढ़ सकती हैं। कई युवा नशे की लत के कारण पढ़ाई छोड़ देते हैं या रोजगार के अवसर खो बैठते हैं। परिवार आर्थिक और मानसिक तनाव का शिकार होता है, जबकि समाज को अपराध और असुरक्षा जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।सरकारें नशा रोकने के लिए कानून और जागरूकता अभियान चलाती रही हैं, लेकिन केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हो सकते। परिवार की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। माता-पिता को बच्चों के व्यवहार, मित्र मंडली और मानसिक स्थिति पर ध्यान देना चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में भी मानसिक स्वास्थ्य, नशे के दुष्परिणाम और सकारात्मक जीवनशैली को लेकर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही युवाओं को खेल, कला, साहित्य और सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना भी जरूरी है। जब युवाओं को अपनी ऊर्जा सही दिशा में लगाने का अवसर मिलता है, तो वे नकारात्मक आदतों से दूर रहते हैं। समाज को भी नशे के शिकार लोगों को अपराधी की तरह देखने के बजाय उन्हें उपचार और परामर्श देने की दिशा में संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। यह समझना होगा कि नशे की समस्या केवल व्यक्तिगत कमजोरी नहीं, बल्कि सामाजिक चुनौती है। यदि युवा पीढ़ी अपनी क्षमता और सपनों को नशे में खोने लगेगी, तो राष्ट्र के विकास की गति भी प्रभावित होगी। इसलिए समय रहते परिवार, समाज, शैक्षणिक संस्थानों और सरकार को मिलकर इस समस्या के समाधान के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे। स्वस्थ और जागरूक युवा ही मजबूत राष्ट्र की नींव बन सकते हैं।

# राहुल गांधी का केंद्र पर हमला

## बोले—'देश बड़े आर्थिक तूफान की ओर बढ़ रहा'

**राहुल गांधी ने केंद्र की आर्थिक नीतियों पर हमला बोलते हुए बड़े आर्थिक संकट की चेतावनी दी। उन्होंने मोदी सरकार पर कॉरपोरेट पक्षधरता का आरोप लगाया, जबकि खरगे ने महंगाई और ईंधन कीमतों को मुद्दा बनाया।**



**टीवी भारतवर्ष राष्ट्रीय**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए दावा किया कि देश एक बड़े आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है। अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के दौरे के दौरान मीडिया और स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक नीतियों ने देश के वित्तीय ढांचे को इस तरह बदल दिया है कि उसका बोझ अंततः आम जनता को उठाना पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा आर्थिक व्यवस्था कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से तैयार की गई है, जबकि युवाओं, किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि पिछले कई दिनों से वह लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि देश के सामने एक बड़ा आर्थिक तूफान खड़ा है। उनका कहना था कि केंद्र सरकार द्वारा खड़ा किया गया आर्थिक मॉडल टिकाऊ नहीं है और भविष्य में इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिस आर्थिक ढांचे को तैयार किया है, वह अंततः पूरी तरह ढह जाएगा और इसका सबसे अधिक नुकसान आम नागरिकों को झेलना पड़ेगा।कांग्रेस नेता ने उद्योगपतियों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार की नीतियां कुछ बड़े कॉरपोरेट घरानों के पक्ष में दिखाई देती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह व्यवस्था कुछ चुनिंदा लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए बनाई गई है, जबकि आम जनता लगातार आर्थिक दबाव का सामना कर रही है। राहुल गांधी ने कहा कि आने वाला संकट बड़े उद्योगपतियों को प्रभावित नहीं करेगा, बल्कि इसका असर सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश के युवाओं, किसानों, मजदूरों और छोटे कारोबारियों पर दिखाई देगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यह आर्थिक संकट बीते कई वर्षों में देखे गए संकटों से अधिक गंभीर हो सकता है और देश को एक कठिन दौर का सामना करना पड़ सकता है। इस दौरान राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राओं को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि एक ओर देश के सामने आर्थिक और आंतरिक चुनौतियां बढ़ रही हैं, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री लगातार विदेश दौरों में व्यस्त हैं। राहुल गांधी ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार नागरिकों को विदेश यात्रा कम करने की सलाह देती है, जबकि प्रधानमंत्री स्वयं लगातार अंतरराष्ट्रीय यात्राएं कर रहे हैं। उनके अनुसार, सरकार को बाहरी छवि निर्माण से अधिक देश की आंतरिक आर्थिक समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए।उधर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी ईंधन की कीमतों में हालिया वृद्धि को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने मौजूदा आर्थिक स्थिति को "मोदी सरकार द्वारा निर्मित संकट" करार देते हुए कहा कि सरकार की नीतियों का सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है। खरगे ने आरोप लगाया कि सरकार अपनी रणनीतिक विफलताओं का बोझ जनता पर डाल रही है, जबकि बड़े कॉरपोरेट समूहों को खुली छूट दी जा रही है। कांग्रेस नेताओं के इन आरोपों ने एक बार फिर देश में आर्थिक नीतियों और महंगाई को लेकर राजनीतिक बहस तेज कर दी है। विपक्ष जहां सरकार की आर्थिक नीतियों को आम जनता के लिए नुकसानदायक बता रहा है, वहीं सरकार लगातार अपनी नीतियों को विकास और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम करार देती रही है। आने वाले समय में आर्थिक मुद्दों को लेकर सियासी माहौल और गर्म होने की संभावना जताई जा रही है।

# टीएमसी उम्मीदवार जहांगीर खान ने वापस लिया नामांकन

**टीवी भारतवर्ष राष्ट्रीय**



पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में होने वाले पुन: मतदान से पहले, टीएमसी उम्मीदवार जहांगीर खान ने मंगलवार को फाल्टा विधानसभा सीट से अपना नामांकन वापस ले लिया। चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के फाल्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी 285 मतदान केंद्रों पर 21 मई को पुनर्मतदान का आदेश दिया है। विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 29 अप्रैल को फाल्टा में हुए मतदान के दौरान "गंभीर चुनावी अपराधों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के उल्लंघन" के कारण पुनर्मतदान का आदेश दिया गया है। आयोग ने कहा कि सहायक मतदान केंद्रों सहित सभी मतदान केंद्रों पर 21 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक "स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी" मतदान सुनिश्चित करने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुनर्मतदान होगा। मतों की गिनती 24 मई को होगी। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार (18 मई) को निर्देश दिया कि फाल्टा विधानसभा पुनर्चुनाव में चुनाव लड़ रहे तृणमूल कांग्रेस नेता जहांगीर खान के खिलाफ लंबित एफआईआर में 26 मई तक कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। अदालत ने राजनीतिक परिदृश्य में आए बदलाव को प्रथम दृष्टया ध्यान में रखते हुए यह अंतरिम आदेश पारित किया। फाल्टा विधानसभा क्षेत्र में 21 मई को नए सिरे से चुनाव होने हैं और मतगणना 24 मई को होगी। व्यापक धांधली के आरोपों के बाद 29 अप्रैल को चुनाव रद्द कर दिए गए थे। गौरतलब है कि हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में भाजपा पश्चिम बंगाल में पहली बार सत्ता में आई, जिसमें सुवेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। अदालत फाल्टा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार जहांगीर खान द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर को सार्वजनिक करने और 21 मई को होने वाले पुनर्निर्वाचन से पहले किसी भी प्रकार की दमनकारी कार्रवाई से सुरक्षा की मांग की थी। अदालत ने आज इस मामले की सुनवाई करने पर सहमति जताई थी, जब पूर्व महाधिवक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता किशोर दत्ता ने सुबह इस मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा था कि पुनर्निर्वाचन लड़ रहे खान को चुनाव अवधि के दौरान कई आपराधिक मामलों में निशाना बनाया जा रहा है।

# तमिलनाडु में सियासी हलचल,

## स्टालिन ने जताई सरकार गिरने की आशंका

**टीवी भारतवर्ष राष्ट्रीय**



खबरों के मुताबिक, डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन ने पार्टी नेताओं को चेतावनी दी है कि विजय के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार कभी भी गिर सकती है और कार्यकर्ताओं से समय से पहले विधानसभा चुनाव की संभावना के लिए तैयार रहने का आग्रह किया है। ये टिप्पणियां अभिनेता-राजनेता जोसेफ विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कज़गम (टीवीके) के नाटकीय उदय के बाद राज्य में जारी राजनीतिक अनिश्चितता के बीच आई हैं। टीवीके सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है और इसने डीएमके और एआईएडीएमके के दशकों के वर्चस्व को समाप्त कर दिया है।रिपोर्टों के अनुसार, स्टालिन ने जिला सचिवों से कहा कि वर्तमान राजनीतिक स्थिति नाजुक बनी हुई है और पार्टी को किसी भी समय चुनाव के लिए तैयार रहना चाहिए। वर्तमान में टीवीके के पास विधानसभा में 107 सीटें हैं, जबकि सहयोगी कांग्रेस के पास पांच विधायक हैं। सरकार को वीसीके, सीपीआई, सीपीएम और आईयूएमएल सहित डीएमके के चार पूर्व सहयोगियों का भी समर्थन प्राप्त है, जिनके पास दो-दो सीटें हैं। मुख्यमंत्री जोसेफ विजय ने हाल ही में हुए विश्वास मत में भी जीत हासिल की, क्योंकि पिछले सप्ताह सरकार के समर्थन में मतदान करने वाले 25 बागी एआईएडीएमके विधायकों ने उनका समर्थन किया था। हालांकि, इस व्यवस्था की दीर्घकालिक स्थिरता को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। यदि सहयोगी दल अपना समर्थन वापस ले लेते हैं या यदि अदालतें या अध्यक्ष बागी एआईएडीएमके विधायकों के खिलाफ कार्रवाई करते हैं तो राजनीतिक समीकरण बदल सकते हैं। पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए, स्टालिन ने चुनावी हार के बाद मनोबल बढ़ाने की कोशिश की और कार्यकर्ताओं को याद दिलाया कि डीएमके अतीत में हार से मजबूती से उबर चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि यह हार अस्थायी है। मौजूदा सरकार कभी भी गिर सकती है। तैयार रहें। संभावना है कि 2029 के लोकसभा चुनावों के साथ विधानसभा चुनाव भी दोबारा हो सकते हैं।



# 12वीं के बाद AI बनेगा गेमचेंजर करोड़ों के पैकेज वाले कोर्स की बढ़ी डिमांड



आमतौर पर 12वीं के बाद स्टूडेंट्स मेडिकल या फिर इंजीनियरिंग को करियर के रूप में चुनते हैं। लेकिन अब जमाना काफी बदल चुका है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने दुनिया के हर सेक्टर में नए कॅरियर ऑप्शन खोल दिए हैं। आमतौर पर 12वीं के बाद स्टूडेंट्स मेडिकल या फिर इंजीनियरिंग को करियर के रूप में चुनते हैं। लेकिन अब जमाना काफी बदल चुका है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने दुनिया के हर सेक्टर में नए कॅरियर ऑप्शन खोल दिए हैं। इनमें से कई जॉब का पैकेज करोड़ों में है। यही कारण है कि AI में कॅरियर बनाने वालों की डिमांड बढ़ती जा रही है। ऐसे में अगर आप भी चाहते हैं कि आपका फ्यूचर ब्राइट हो तो AI बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। क्योंकि इसमें न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया की टॉप कंपनियों में अच्छा सैलरी पैकेज मिलता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे AI कोर्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका सैलरी पैकेज करोड़ों में हो सकता है।

**AI में करियर स्कोप**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक ऐसी टेक्नोलॉजी है, जिसमें कंप्यूटर और मशीनें इंसानों की तरह सोच-समझकर फैसले लेती हैं। आज के समय में हर सेक्टर में इस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जा रहा है। फाइनेंस से लेकर हेल्थकेयर, एडटेक, एग्रीकल्चर और यहां तक कि म्यूजिक इंडस्ट्री और सिनेमा में भी इसकी मदद ली जा रही है। 12वीं के बाद AI बेस्ट कोर्स

**B.Sc in AI and Machine Learning**

PCB या PCM से 12वीं पास छात्र इस कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं। यह कोर्स तीन साल का है। भारत में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, IIT हैदराबाद और एमिटी यूनिवर्सिटी जैसे कॉलेज यह कोर्स कराते हैं।

**B.Tech in AI**

अगर आप इंजीनियरिंग माइंडसेट रखते हैं, तो एआई एंड डेटा साइंस में बीटेक कर सकते हैं। यह कोर्स चार साल का होता है। V I T , S R M यूनिवर्सिटी और IIT हैदराबाद यह कोर्स ऑफर करते हैं। 12वीं में पीसीएम करने वाले स्टूडेंट्स इसमें एडमिशन ले सकते हैं।

**Diploma in AI**

कम समय और कम फीस में एआई में डिप्लोमा करना करियर शुरू करने का सबसे अच्छा तरीका है। कई प्राइवेट और सरकारी इंस्टीट्यूट जैसे Aptech, NIELIT और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स ये डिप्लोमा कोर्सेस कराते हैं। यह डिप्लोमा कोर्स 1-2 साल के होते हैं।

**AI के इन कोर्स में सैलरी**

बता दें कि AI के इस कोर्स की अच्छी खासी सैलरी होती है। इसमें शुरुआती सैलरी पैकेज 6 से 12 लाख रुपए हो सकती है। वहीं कुछ सालों के एक्सपीरियंस के बाद यह पैकेज 50 लाख से 1 करोड़ रुपए हो सकता है। आपको टेस्ला, गूगल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी ग्लोबल कंपनियों में आसानी से नौकरी मिल सकती है, जिनका पैकेज करोड़ों का होता है।

## गर्मियों में फ्रिज की कूलिंग हो गई कम? ऐसे करें पेपर टेस्ट

गर्मी का मौसम आते ही फ्रिज घर का सबसे जरूरी इलेक्ट्रॉनिक अप्लायंस बन जाता है। ठंडा पानी, फल, सब्जियां और बचा हुआ खाना सुरक्षित रखने के लिए लोग दिनभर फ्रिज का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन कई बार अचानक फ्रिज पहले जैसी ठंडक देना बंद कर देता है। बर्फ जमने में समय लगने लगता है और फ्रिज लगातार चलता रहता है। ऐसे में लोग तुरंत मैकेनिक को बुलाने की सोचते हैं, जबकि कई बार समस्या बहुत छोटी होती है। पिछले दिनों मैं अपने रिश्तेदार के घर गया तो वहां भी कुछ ऐसी ही परेशानी देखने को मिली। उनका फ्रिज लगातार चल रहा था, लेकिन कूलिंग कम थी। फ्रीजर में आइस ठीक से नहीं जम रही थी और फ्रिज खोलने पर ठंडक भी कम महसूस हो रही थी। थोड़ी जांच करने पर पता चला कि समस्या किसी बड़े पार्ट में नहीं, बल्कि फ्रिज के दरवाजे की रबर में थी। फ्रिज के दरवाजे के चारों तरफ लगी रबर को गैस्केट (Gasket) कहा जाता है। इसका काम फ्रिज के अंदर की ठंडी हवा को बाहर निकलने से रोकना होता है। जब यह रबर ढीली, फटी या गंदी हो जाती है तो दरवाजा पूरी तरह सील नहीं हो पाता। इससे बाहर की गर्म हवा अंदर आने लगती है और फ्रिज को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। ऐसी स्थिति में फ्रिज लगातार चलता रहता है, लेकिन सही कूलिंग नहीं दे पाता। यही वजह है कि बिजली बिल भी बढ़ सकता है और कंप्रेसर पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। फ्रिज की रबर सही है या नहीं, इसे जांचने के लिए आपको किसी खास उपकरण की जरूरत नहीं पड़ेगी। घर में मौजूद एक साधारण कागज या नोट से भी यह टेस्ट किया जा सकता है।



## ब्रिटिश गोल्फर आरोन राय ने पीजीए चैंपियनशिप जीतकर इतिहास रच दिया

## पाकिस्तानी टीम एक बार फिर से संकट में

बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच खेले जा रहे टेस्ट मैच में पाकिस्तानी टीम एक बार फिर से संकट में है। टीम के सामने एक बड़ा लक्ष्य रखा गया है, लेकिन उससे बहुत पहले ही टीम के बड़े कहे जाने वाले बल्लेबाजों की जान सूख गई। पूर्व कप्तान बाबर आजम ने एक बार फिर से टीम की नाक कटवाने का काम किया। मौजूदा कप्तान शान मसूद ने थोड़ी देर ठीक बल्लेबाजी की, लेकिन वे भी टीम को मुश्किल में छोड़कर चले गए। अब इस मैच में पाकिस्तान की हार करीब करीब तय सी नजर आ रही है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेली जा रही सीरीज के दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश ने पहली पारी में 278 रन बनाए थे। इसके बाद पाकिस्तान की पहली पारी केवल 232 रन पर ही सिमट गई। बांग्लादेश ने अपनी दूसरी पारी में 390 रन बना दिए और इसके बाद पाकिस्तान को आखिरी पारी में 437 रन बनाने हैं। हालांकि दूसरी पारी में आधी टीम बहुत ही छोटे स्कोर पर सिमट गई। जब टीम का स्कोर 162 रन था, तभी कप्तान शान मसूद के रूप में पांचवां विकेट गिरा। दूसरी पारी में जब



पाकिस्तान क्रिकेट टीम को बाबर आजम की सख्त जरूरत थी, तब वे केवल 47 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने 52 का सामना कर चार चौके और एक छक्का ठोका। कप्तान शान मसूद ने 116 बॉल खेलकर 71 रन बनाए। उनके बल्ले से आठ चौके आए। 200 रन पूरे होने से पहले आधी टीम का आउट हो जाना मतलब ये है कि पाकिस्तानी टीम अब हार के मुहाने पर खड़ी है। सीरीज का पहला टेस्ट पाकिस्तानी टीम पहले ही हार चुकी है। अब अगर दूसरा मैच भी टीम हारी तो फिर उसकी हालत और भी खराब हो जाएगी।

## बार्सिलोना ने ला लीगा में रिकॉर्ड बना दिया

स्पेनिश फुटबॉल क्लब बार्सिलोना ने इस सीजन ला लीगा में एक ऐसा रिकॉर्ड बना दिया है जिसे यूरोपीय फुटबॉल में लंबे समय तक याद रखा जाएगा। बार्सिलोना 38 मैचों वाले ला लीगा सीजन में अपने सभी घरेलू मुकाबले जीतने वाली पहली टीम बन गई हैं। टीम ने अपने आखिरी होम मुकाबले में रियल बेटिस को 3-1 से हराकर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। गौरतलब है कि इससे पहले ला लीगा इतिहास में कोई भी टीम पूरे सीजन में अपने सभी घरेलू मैच नहीं जीत सकी थी। 1985-86 सीजन में रियल मैड्रिड ने जरूर अपने सभी 17 घरेलू मुकाबले जीते थे, लेकिन उस समय लीग में कम मैच खेले जाते थे। वहीं बार्सिलोना ने 1959-60 सीजन में अपने 15 घरेलू मैच जीते थे। इस बार हंसी फ्लिक की कोचिंग में बार्सिलोना ने शानदार प्रदर्शन किया हैं। टीम पहले ही रियल मैड्रिड को हराकर ला लीगा खिताब अपने नाम कर



चुकी थी और अब घरेलू मैदान पर अजेय रहते हुए नया इतिहास भी रच दिया। रियल बेटिस के खिलाफ खेले गए मुकाबले में ब्राजील के स्टार खिलाड़ी राफिन्या ने दो गोल दागे। उन्होंने मैच के 28वें मिनट में फ्री-किक के जरिए पहला गोल किया। इसके बाद दूसरे हाफ में रियल बेटिस के डिफेंडर हेक्टर बेलरिन की गलती का फायदा उठाते हुए उन्होंने अपना दूसरा गोल भी कर दिया।

## मार्करम बीच टूर्नामेंट में ही अपने देश वापस लौट गए

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 के बीच लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) के कैंप से एक ऐसी चौंकाने वाली खबर सामने आई है जिसने फैंस को हैरान कर दिया है। लखनऊ की टीम को अपने आखिरी दो लीग मैचों से ठीक पहले एक बहुत बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज एडेन मार्करम अचानक बीच टूर्नामेंट में ही लखनऊ का साथ छोड़कर अपने देश वापस लौट गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मार्करम निजी कारणों के चलते अचानक साउथ अफ्रीका के लिए रवाना हो गए हैं और अब वो इस सीजन के बचे हुए मैचों में नजर नहीं आएंगे। सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि मार्करम के जाने का फैसला जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स (RR) के खिलाफ होने वाले बड़े मुकाबले से महज कुछ घंटे पहले आया। इसके अलावा वो 23 मई को पंजाब किंग्स (PBKS) के खिलाफ होने वाले आखिरी लीग मैच में भी टीम का हिस्सा नहीं होंगे। देखा जाए तो लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम इस सीजन में बेहद खराब प्रदर्शन के बाद पहले ही प्लेऑफ की रेस से बाहर



हो चुकी है। लेकिन इसके बावजूद मार्करम का अचानक जाना बाकी टीमों के टॉप-4 का समीकरण पूरी तरह बिगाड़ सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि लखनऊ के अगले दो मैच राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स से हैं, और ये दोनों ही टीमें इस वक्त प्लेऑफ के आखिरी पायदान के लिए जोर लगा रही हैं। भले ही लखनऊ बाहर हो गई हो, लेकिन पिछले कुछ मैचों में उसने कमाल की वापसी की थी और अपने पिछले तीन में से दो मैच जीते थे। मार्करम के बिना लखनऊ की टीम अब थोड़ी कमजोर जरूर दिखेगी, जिसका सीधा फायदा विपक्षी टीमों को मिल सकता है। जयपुर के मैदान पर होने वाला यह मुकाबला राजस्थान रॉयल्स के लिए बेहद खास और जरूरी है। राजस्थान की टीम इस समय 12 मैचों में 12 अंक लेकर पॉइंट्स टेबल में छठे नंबर पर है और वो प्लेऑफ की रेस में पूरी तरह बनी हुई है। हालांकि, टीम पिछले तीन मैचों से लगातार हार झेल रही है और अपने होम ग्राउंड पर भी लगातार तीन मैच हार चुकी है।

## चीन की सबसे ठंडी कॉफी ने इंटरनेट पर मचाया गदर

हॉट कॉफी और कोल्ड कॉफी तो बहुत तरह के देखें होंगे, लेकिन माइनस 80 डिग्री टेंप्रेचर पर बनने वाली काफी का स्वाद चखना, अपने आप में एक अनोखा अनुभव होता है. इन दिनों सोशल मीडिया पर ऐसी ही एक कॉफी खूब वायरल हो रही है. ऐसी कॉफी चाइना में मिलती है. इंटरनेट पर इन दिनों माइनस 80 डिग्री पर बनने वाली ये काफी काफी चर्चा में हैं. एक इंडियन महिला ने वीडियो शेयर कर इसके बनने से लेकर, इसका स्वाद चखने तक का पूरा वीडियो शेयर किया है. वीडियो की शुरुआत देखकर तो पहले डर लग जाता है कि आखिर इतनी ठंडी कॉफी लोग पीएंगे कैसे? सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर @swatiandprateek नाम के हैंडल से एक वीडियो शेयर की गई है. यह वीडियो यूजर के पर्सनल एक्सपीरियंस पर बेस्ड है.

### पायलट ने माइक थामकर किया महिला का शुक्रिया

# डोनट्स से खुशनुमा हुआ फ्लाइट का माहौल

एक सामान्य इंडिगो फ्लाइट उस समय खास बन गई, जब पायलट ने एक यात्री के लिए अलग अंदाज में अनाउंसमेंट किया. यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है साथ ही लोगों को काफी पसंद आ रहा है. वीडियो को इंस्टाग्राम पर मनीक मेहता ने शेयर किया है. इसमें पायलट फ्लाइट के बीच माइक लेकर एक खास घोषणा करते नजर आते हैं. आमतौर पर जहां फ्लाइट में सुरक्षा और यात्रा से जुड़ी घोषणाएं सुनाई देती हैं, वहीं इस बार पायलट का अंदाज कुछ अलग था. पायलट ने कहा कि स्पेशल शाउटआउट मिस शेट्टी के लिए, जिन्होंने आज क्रू के लिए डोनट्स लाए. हम



पायलट ने महिला को कॉफी ऑफर की और शुक्रिया अदा किया.

ऐसे व्यवहार और दयालुता को प्रोत्साहित करते हैं. इस घोषणा ने तुरंत यात्रियों का ध्यान खींच लिया. इसके बाद पायलट ने मजाकिया अंदाज में उस यात्री को तलाशने की कोशिश की. उन्होंने पूछा कि क्या वह एयरलाइन से जुड़ी हैं या स्टाफ ट्रैवल पर हैं.

**लोगों का रिएक्शन वायरल**

**वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने इसे खूब सराहा. कई यूजर्स ने कहा कि यह एक छोटा लेकिन दिल छू लेने वाला पल था. कुछ लोगों ने लिखा कि ऐसे जेस्चर फ्लाइट के अनुभव को खास बना देते हैं.वहीं कुछ यूजर्स ने कहा कि फ्लाइट क्रू के प्रति आभार जताना जरूरी है, क्योंकि वे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं.**



### मुंबई के फ्लैट का वीडियो देख चकराया लोगों का सिर

मुंबई के बांद्रा में अपने 2BHK फ्लैट की झलक दिखाती एक महिला का वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो रहा है. इस वीडियो में महिला ने इतना अधिक रेंट होने के बावजूद अपने फ्लैट को अंत में प्राइसलेस बताया है. ऐसा कहने के पीछे एक बड़ी वजह इस वीडियो में सामने आई है. वीडियो पर कई लोगों ने शहर में आसमान छूते किराए पर अपना ऑनलाइन रिएक्शन भी दिया है.यह वीडियो आर्य कोठारी नाम के शख्स ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है.

### एसी सर्विस से मना करने वाले शख्स ने जीता दिल

## 300 रुपये के लिए जान क्यों दांव पर लगाऊं?

सोशल मीडिया पर एक एसी टेक्नीशियन का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक खतरनाक जगह पर लगे एसी की सर्विस करने से साफ मना कर देता है. यह मामला खारघर की एक ऊंची बिल्डिंग का बताया जा रहा है, जहां 23वीं मंजिल पर एसी का आउटडोर यूनिट बालकनी से काफी दूर बाहर की तरफ लगाया गया है. वीडियो में टेक्नीशियन लोगों को समझाता है कि वह इस काम को क्यों नहीं कर सकता. वह दिखाता है कि एसी यूनिट इतनी खतरनाक जगह पर लगी है कि वहां तक पहुंचना आसान नहीं है. अगर कोई व्यक्ति वहां सर्विस करने जाता है, तो गिरने का खतरा बहुत ज्यादा है. टेक्नीशियन कहता है



कि सिर्फ 300-400 रुपये के लिए कोई अपनी जान खतरे में क्यों डालेगा. वह आगे कहता है कि अगर काम करते समय कोई हादसा हो जाता है, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? उसके मुताबिक, इस तरह के काम में कोई भी सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए हैं, जैसे कि सेफ्टी बेल्ट, मजबूत प्लेटफॉर्म या अन्य जरूरी उपकरण. ऐसे में वहां काम करना बहुत ही खतरनाक है.

### मेकिंग का वीडियो देख उड़ जाएंगे होश

## आखिर कैसे बनती है 1 रुपये वाली चुस्की?

जैसे ही गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू किया, सोशल मीडिया पर भी उसी के हिसाब से वीडियो शेयर होने लगे हैं. कहीं मिट्टी पर पापड़ सेंकने वाली महिला के वीडियो आ रहे हैं तो कहीं कोल्ड ड्रिंक से जुड़े वीडियो शेयर हो रहे हैं. इसी बीच, सोशल प्लेटफॉर्म पर 1 रुपये वाली चुस्की के वीडियो भी शेयर हो रहे हैं, जिनमें दिखाया जा रहा है कि आखिर इसे कैसे बनाया जाता है. इन वीडियो पर कई लोग कमेंट कर रहे हैं कि इन वीडियो ने बचपन की याद दिला दी जबकि कुछ लोग इस चुस्की को बनाए जाने के तरीके पर बात कर रहे हैं. वीडियो में दिख रहा है कि इन्हें बहुत ही गंदे तरीके से बनाया जा रहा है. तो आज इन वीडियो के जरिए देखते हैं कि आखिर 1 रुपये वाली चुस्की कैसे बनती है. वायरल हो रहे वीडियो



सोशल मीडिया पर चुस्की पैकेट्स के वीडियो वायरल हो रहे हैं.

में दिखाया जा रहा है कि इन चुस्की में सिर्फ केमिकल कलर मिलाए जा रहे हैं. पहले पानी में कलर घोला जाता है और फिर कलर डालकर इसे तैयार किया जा रहा है. एक मिल्क चुस्की वाले वीडियो में दिख रहा है कि पहले दूध को गर्म किया जा रहा है और फिर एक खास तरह के कलर से एक घोल तैयार किया जा रहा है. इसके बाद पानी से साथ उसमें वो कलर मिलाया जा रहा है और उन्हें पैक कर दिया जा रहा है. वहीं, एक वीडियो में दिख रहा है कि पानी में चीनी डालकर गर्म किया जा रहा है और फिर उसमें कलर मिलाकर अलग बाल्टियों में भरा जा रहा है. इसके बाद उन्हें छोटी प्लास्टिक की थैलियों में भरा जा रहा है और मशीन के जरिए पैक किया जा रहा है.

# मोहनलाल की 'दृश्यम 3' ने तोड़े रिकॉर्ड एडवांस बुकिंग के आंकड़े चौंकाने वाले

मोहनलाल स्टारर फिल्म दृश्यम 3 इसी महीने की 21 तारीख को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। 21 मई को रिलीज हो रही फिल्म दृश्यम 3 का फैन्स को भी बेसब्री से इंतजार है। फिल्म की एडवांस बुकिंग भी शुरू हो गई है जिसके आंकड़ों ने फैन्स को चौंका दिया है। मोहनलाल स्टारर फिल्म दृश्यम 3 के अब तक 30 हजार से ज्यादा टिकिट बिक चुके हैं। आज सुबह एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में 'दृश्यम 3' ने आधिकारिक तौर पर मम्मूटी-मोहनलाल की जासूसी थ्रिलर फिल्म 'पेट्रियॉट' की प्री-सेल्स की अंतिम संख्या को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म की लोकप्रियता वास्तविक समय के आंकड़ों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है, जिसमें वर्तमान में हर 24 घंटे में लगभग 30,000 टिकट बिक रहे हैं। केरल में ही पहले दिन की अग्रिम बुकिंग 5 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है, और राज्य में 2 लाख से अधिक टिकट बिक चुके हैं। कोच्चि, तिरुवनंतपुरम और कालीकट जैसे प्रमुख शहरों में भारी भीड़ देखी जा रही है, और सुबह 4 और 7 बजे के कई फैन शो पहले ही हाउसफुल हो चुके हैं। वर्तमान में, राज्य भर में 1,200 से अधिक शो पर नजर रखी जा रही है, और रिलीज़ की तारीख नजदीक आने के साथ ही कई शो के टिकट तेजी से भर रहे हैं। बता दें कि 21 मई को रिलीज हो रही फिल्म दृश्यम 3 हिट फ्रेंचाइजी की तीसरी किश्त है। इस फिल्म को लेकर दर्शक भी काफी उत्साहित हैं और इससे पहले दोनों पार्ट सुपरहिट रहे हैं। इतना ही नहीं इस फिल्म का हिंदी रीमेक भी सुपरहिट रहा है और लोगों को खूब पसंद आया है। बॉलीवुड स्टार अजय देवगन ने इस फिल्म के दोनों पार्ट हिंदी में बनाए हैं। अब साउथ स्टार मोहनलाल की ये फिल्म तीसरे पार्ट के लिए तैयार है और 21 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म एक सस्पेंस थ्रिलर का तीसरा पार्ट होगी जिसमें दमदार सस्पेंस देखने को मिलने वाला है। फिल्म शुक्रवार यानी 21 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो जाएगी और दर्शकों को भी इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। अब देखना होगा कि क्या ये फिल्म साउथ के साथ नॉर्थ के सिनेमाघरों में भी अपना कोई असर छोड़ पाती है या नहीं।



# बड़े मंगलवार के भंडारे में पहुंचे अखिलेश यादव

# कानून व्यवस्था और महंगाई पर सरकार को घेरा

**लखनऊ में बड़े मंगलवार के भंडारे में पहुंचे अखिलेश यादव ने यूपी की कानून व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा, एनकाउंटर नीति, गिरते रुपए और बढ़ती महंगाई को लेकर सरकार पर निशाना साधा।**



टीवी भारतवर्ष लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मंगलवार को राजधानी लखनऊ के पार्क सिटी इलाके में आयोजित ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार के भंडारे में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया और बाद में खुद भी पूड़ी-सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक आयोजन में शामिल होने के बाद अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने यूपी की कानून व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा, पुलिस एनकाउंटर और बढ़ती महंगाई जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरा। मीडिया से बातचीत के दौरान अखिलेश यादव ने प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ रही घटनाओं पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में आए दिन बहन-बेटियों के साथ छेड़छाड़ और अपराध की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार कानून व्यवस्था के मोर्चे पर पूरी तरह विफल साबित हो रही है। सपा प्रमुख ने कहा कि सरकार केवल एनकाउंटर की राजनीति कर रही है और इसे उपलब्धि के तौर पर पेश किया जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि राजधानी लखनऊ में ही महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ लगातार घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने दावा किया कि एक प्रतिष्ठित अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रदेश की राजधानी में प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं होती हैं। उन्होंने सरकार से सवाल करते हुए कहा कि उसे यह भी बताना चाहिए कि सबसे अधिक घटनाएं दलित और पीडीए वर्ग की महिलाओं और लड़कियों के साथ क्यों हो रही हैं। इसके साथ ही अखिलेश यादव ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोर हो रहे भारतीय रुपए को लेकर भी केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सरकार यह बताने से बच रही है कि रुपया आखिर कितना नीचे जाएगा। उन्होंने कहा, "क्या रुपया पाताल लोक में जाकर ढूंढना पड़ेगा? ऐसा लग रहा है कि रुपए की दिशा अब पाताल लोक की ओर हो गई है। "सपा प्रमुख ने बढ़ती महंगाई को लेकर भी भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि जब डीजल और पेट्रोल के दाम बढ़ते हैं तो उसका असर आम जनता की रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ता है। दूध, दही, सब्जियां और खाने-पीने की सभी जरूरी वस्तुएं महंगी हो जाती हैं। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में डीजल-पेट्रोल के दाम और बढ़ सकते हैं, जिससे महंगाई और बढ़ेगी। साथ ही उन्होंने गैस सिलेंडर की कीमतों में भी बढ़ोतरी की आशंका जताई। वहीं, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद से अब तक प्रदेश में कुल 17,043 पुलिस एनकाउंटर किए जा चुके हैं। सरकार का दावा है कि इन एनकाउंटर्स में 289 कुख्यात अपराधी मारे गए, जबकि 11,834 अपराधी घायल हुए। इसके अलावा 34,253 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। सरकार ने यह भी बताया कि इस दौरान 18 पुलिसकर्मियों की मौत हुई और 1,852 पुलिसकर्मी घायल हुए। हालांकि विपक्ष लगातार इन एनकाउंटर्स की निष्पक्षता और पुलिस कार्रवाई के तरीके पर सवाल उठाता रहा है। अखिलेश यादव ने भी एक बार फिर इन्हीं मुद्दों को उठाते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए।

## पुलिस कस्टडी में मौत का आरोप



टीवी भारतवर्ष लखनऊ

लखनऊ के बिजनौर थाना क्षेत्र में बंदी वारंटी अनुज कुमार उर्फ कुल्ली की मौत के बाद सोमवार शाम करीब 6:30 बजे उसका शव गांव पहुंचा। शव देखते ही परिजनों ने पुलिस पर पिटाई से मौत का आरोप लगाते हुए मुआवजे और कार्रवाई की मांग को लेकर अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष रुद्र दमन सिंह बबलू ने मृतक परिवार के लिए जमीन और पत्नी को नौकरी देने की मांग को लेकर एसीपी से बातचीत की। एसीपी ने मुख्यमंत्री सहायता कोष से 5 लाख रुपए और विधायक निधि से अतिरिक्त आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा आरोपी दरोगा को बिजनौर थाने से स्थानांतरित कर दिया गया है। आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए और शव को घर से करीब 30 मीटर दूर स्थित मृतक की बाग में अंतिम संस्कार के लिए ले गए। मौके पर मौजूद एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन अपनी मांगों पर अड़े रहे। परिजनों ने 50 लाख रुपए मुआवजा, 2 बीघा जमीन और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। उनका आरोप है कि दरोगा की अत्यधिक पिटाई के कारण ही अनुज की मौत हुई। एसीपी रजनीश वर्मा ने मुख्यमंत्री सहायता राशि से 5 लाख रुपए और विधायक सहायता राशि से अतिरिक्त आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने बिजनौर थाने के दरोगा को स्थानांतरित कर दिया है और बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# लखनऊ विश्वविद्यालय में बड़ा एक्शन,

## छात्रा को 'डार्लिंग' कहने वाले प्रोफेसर सस्पेंड

टीवी भारतवर्ष लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में बीएससी छात्रा को डार्लिंग कहने वाले जूलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. परमजीत सिंह को निलंबित कर दिया गया है। मंगलवार को विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से ये बड़ी कार्रवाई की गई। दोपहर में कार्यपरिषद की आपात बैठक में डॉ. परमजीत सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने पर मुहर लगा दी गई। 3 सदस्यीय उच्चस्तरीय अनुशासन समिति की अंतरिम रिपोर्ट में उन पर छात्रा के यौन शोषण के प्रयास, प्रश्नपत्र लीक की बात स्वीकार करने, विश्वविद्यालय की साख को नुकसान पहुंचाने और UGC और विशाखा गाइडलाइंस के उल्लंघन जैसे गंभीर आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने आरोपी शिक्षक को आरोप-पत्र जारी कर 15 दिनों के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया है। समयसीमा में संतोषजनक जवाब न मिलने पर सेवा समाप्ति जैसी कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन कार्य समिति की बैठक हुई। इस बैठक में सबसे पहले सोमवार को बनाई गई डिसीप्लिनरी कमिटी की फाइंडिंग्स को रखा गया। इस दौरान 4 मुख्य आरोपों में असिस्टेंट प्रोफेसर को दोषी पाया गया। इसके बाद निलंबन के प्रस्ताव पर मोहर लगा दी गई। आरोपी प्रोफेसर असिस्टेंट प्रोफेसर को 15 दिन के अंदर लिखित स्पष्टीकरण देकर उनका पक्ष मांगा गया है। इसके आधार पर आगे बर्खास्तगी की कार्रवाई होगी। बीते शुक्रवार को असिस्टेंट प्रोफेसर और बीएससी थर्ड ईयर की छात्रा के बीच बातचीत का ऑडियो सामने आया था।



ऑडियो सामने आने के बाद शाम को ABVP से जुड़े छात्रों ने असिस्टेंट प्रोफेसर के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया था। मौके पर पुलिस भी पहुंची। परीक्षा नियंत्रक की तरफ से असिस्टेंट प्रोफेसर के खिलाफ हसनगंज थाने में तहरीर देकर पेपर लीक करने के आरोप में FIR दर्ज कराई गई। हंगामा बढ़ते देख कैंपस से ही पुलिस ने आरोपी शिक्षक को हिरासत में ले लिया था। अगले दिन उसे जेल भेज दिया गया था। इस बीच ICC कमेटी ने छात्रा के आरोपों की जांच कर सोमवार को रिपोर्ट कार्य समिति को सौंप दी थी। पर सोमवार को नई जांच समिति का गठन किया गया। इसके बाद आज सस्पेंशन की कार्रवाई की गई।

## पत्नी को सुसाइड के लिए उकसाने वाला जवान गिरफ्तार

टीवी भारतवर्ष लखनऊ

लखनऊ के निगोहां थाना क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना और मानसिक उत्पीड़न से परेशान होकर एक महिला ने आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने महिला के पति को गिरफ्तार कर लिया है। वह भारतीय सेना में सिपाही के पद पर तैनात है। घटना 15 मई को हुई थी। पुलिस के अनुसार, ग्राम कांटा करौदी निवासी 29 वर्षीय अमीषा यादव ने अपने मायके में पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी थी। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला के भाई ने दर्ज कराई थी एफआईआर मृतका के भाई धीरेन्द्र विक्रम राज सिंह ने 17 मई को निगोहां थाने में तहरीर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि अमीषा ने वर्ष 2022 में विक्रांत यादव से प्रेम विवाह किया था। शादी के कुछ समय बाद पति, सास और ससुर दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे थे। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया कि दहेज न मिलने पर अमीषा को मायके में ही जिंदगी गुजारने की धमकी दी जाती थी, जिससे परेशान होकर उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति विक्रांत यादव, ससुर गजेन्द्र सिंह और सास कविता के खिलाफ बीएनएस की धाराओं और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया।



## लखनऊ में सगाई के चार दिन बाद युवती की हत्या

टीवी भारतवर्ष लखनऊ

लखनऊ में सगाई के चार दिन बाद हुई शिवानी सिंह (22) की हत्या का खुलासा हो गया है। बॉयफ्रेंड ने रबर के पाइप से गला घोंटकर उसकी हत्या की थी। सीमेंट की ईंट से सिर कूचकर शव को झाड़ियों में फेंक दिया। आरोपी की पहचान प्रेम कुमार मांझी (23) पुत्र भगवान मांझी निवासी एल्डिको कालोनी, थाना पीजीआई के रूप में हुई। वह मूल रूप से ग्राम मदारपुर पोस्ट शाहजीतपुर मसरख छपरा बिहार का रहने वाला है। पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि उसकी 7-8 साल से शिवानी से दोस्ती थी। करीब 6 माह से शिवानी अपने ऑफिस के मनीष के साथ घूमना-फिरना शुरू कर दिया था। इस वजह से उसकी हत्या कर दी। उसने बताया कि उसे शिवानी की सगाई होने से कोई आपत्ति नहीं थी। एल्डिको उद्यान, रक्षा खंड में किराए के मकान में शिवानी अपने माता-पिता और 19 साल की छोटी बहन के साथ रहती थी। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। मां गीता (39) घरों में झाड़ू-पोछा करती है, जबकि दीपू (42) शटरिंग का काम करते हैं। शिवानी रियल एस्टेट कंपनी में काम करती थी। परिजनों के मुताबिक, शिवानी की 14 मई को प्रकाश नाम के लड़के से सगाई हुई थी। परिवार शादी की तैयारियों में जुटा था। शिवानी 17 मई (रविवार) को सुबह 10 बजे घर से ऑफिस के लिए निकली थी, लेकिन रात तक वापस नहीं लौटी। परिजनों को चिंता हुई तो तलाश शुरू की। जब कहीं कुछ पता नहीं चला तो सोमवार को पुलिस के पास गए।

## लखनऊ पुलिस का बड़ा खुलासा, अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार

टीवी भारतवर्ष लखनऊ

दिन में बंद घरों की रेकी, रात में ताले तोड़कर लाखों के जेवर और नकदी पर हाथ साफ... और पहचान छिपाने के लिए सीसीटीवी का डीवीआर तक साथ ले जाते थे। लखनऊ पुलिस ने ऐसे ही एक अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। एक ही परिवार के चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। करीब 30 लाख रुपये के जेवरात, नकदी, बुलेट बाइक, स्कूटी, टीवी और डीवीआर बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी पहले भी कई चोरी और एनडीपीएस मामलों में जेल जा चुके हैं। डीसीपी साउथ अमित कुमार आनंद ने एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा की मौजूदगी में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस की 4 टीमें गठित की गई थीं। टीमों ने करीब 200 से 250 सीसीटीवी फुटेज और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की जांच की। इसके बाद मंगलवार को मेहराब ग्राउंड नादरगंज से चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी पहचान बिहार के कैमूर निवासी सोनू सिंह, शक्तिमान सिंह, विनीता सिंह और सरोजनीनगर निवासी प्रदुम्न सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी आपस में भाई, भाभी, सोनू मामा और भांजे(प्रदुम्न) हैं। सभी लंबे समय से चोरी कर रहे थे। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे दिन में बंद घरों की रेकी करते थे और रात में मुंह पर कपड़ा बांधकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। किराये के मकान बदलकर छिपते थे आरोपी। लगातार किराये के मकान बदलते रहते थे, ताकि पुलिस की नजर से बच सकें। चोरी के बाद महंगे शौक पूरे करने के लिए चोरी का सामान बेच देते थे। जिन घरों में चोरी करते थे, वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग मिटाने के लिए डीवीआर भी साथ ले जाते थे। पुलिस ने चोरी का एक डीवीआर भी बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि घटनाओं का मुख्य आरोपी सोनू सिंह शातिर चोर है। उसके खिलाफ पीजीआई व सरोजनीनगर, जबकि शक्तिमान सिंह के खिलाफ भी सरोजनीनगर थाने में पहले से चोरी और एनडीपीएस एक्ट के कई मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने सभी के पास से बरामद सामान कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है।



# उन्नाव में व्यापार मंडल की अहम बैठक, व्यापारियों ने सरकार के सामने रखीं कई बड़ी मांगें

टीवी भारतवर्ष उन्नाव



उन्नाव में व्यापार मंडल की ओर से जिला अध्यक्ष रजनीकांत श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिले की विभिन्न नगर पंचायतों से आए व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, व्यापारियों और संगठन के सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा करना और सरकार के सामने उनकी मांगों को मजबूती से उठाना था। इस दौरान व्यापारियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं, बीमा, लाइसेंस व्यवस्था और राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसे कई अहम मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।बैठक में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन लगातार व्यापारियों के हितों के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और सबसे अधिक कर देने वाले वर्गों में शामिल हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें अपेक्षित सुविधाएं और सुरक्षा नहीं मिल पा रही है। संगठन ने व्यापारियों की समस्याओं को लेकर सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की।व्यापार मंडल ने बैठक में यह भी संकल्प लिया कि हर वर्ष दो जिलों में व्यापारी सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, ताकि व्यापारियों की समस्याओं और सुझावों को एक मंच पर रखा जा सके। बैठक में जिले की लगभग 20 नगर पंचायतों के अध्यक्ष, महामंत्री और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर व्यापारियों की आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया।बैठक में सरकार के सामने कई प्रमुख मांगें रखी गईं। व्यापारियों ने कहा कि जिस प्रकार सरकारी कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा की सुविधा मिलती है, उसी तरह व्यापारियों के लिए भी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जानी चाहिए। व्यापारियों का कहना था कि लंबे समय तक व्यापार करने के बावजूद उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ता है।इसके अलावा व्यापार मंडल ने दुकानों में आग लगने या अन्य दुर्घटनाओं के मामलों में व्यापारियों को एक करोड़ रुपये तक का बीमा कवर देने की मांग भी उठाई। व्यापारियों का कहना था कि कई बार दुर्घटनाओं में उनका पूरा कारोबार खत्म हो जाता है, जिससे परिवार आर्थिक संकट में आ जाता है। ऐसे में सरकार को व्यापारियों के लिए विशेष बीमा योजना लागू करनी चाहिए।बैठक में विभिन्न सरकारी विभागों से जुड़े लाइसेंसों को आजीवन करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। व्यापारियों ने कहा कि बार-बार लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया जटिल और समय लेने वाली होती है। इसे सरल बनाकर आजीवन किया जाना चाहिए।इसके साथ ही जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों को प्राथमिकता के आधार पर शस्त्र लाइसेंस दिए जाने की मांग भी रखी गई। व्यापारियों का कहना था कि देर रात व्यापारिक कार्यों के चलते उन्हें बड़ी मात्रा में नकदी और सामान के साथ सफर करना पड़ता है, जिससे सुरक्षा का खतरा बना रहता है।व्यापार मंडल ने व्यापारियों को पहचान पत्र जारी करने, हर जिले में हर वर्ष 10 व्यापारियों को सम्मानित करने और शिक्षक वर्ग की तरह व्यापारियों के लिए विधान परिषद एवं राज्यसभा में सीटें आरक्षित करने की मांग भी उठाई। बैठक में मौजूद व्यापारियों ने सरकार से इन मांगों पर गंभीरता से विचार कर जल्द निर्णय लेने की अपील की।

## जल्द शुरू होगा हल्के वाहनों का आवागमन



टीवी भारतवर्ष उन्नाव

उन्नाव-हरदोई मार्ग पर दोस्तीनगर नहर पुलिया के निर्माण कार्य के कारण लोगों को हो रही परेशानी अब कम होगी। प्रशासन की पहल के बाद यहां हल्के वाहनों का आवागमन शुरू करने की तैयारी पूरी कर ली गई है। हालांकि, सुरक्षा कारणों से भारी वाहनों की आवाजाही पर फिलहाल रोक जारी रहेगी। दरअसल, दोस्तीनगर नहर पुलिया पर निर्माण कार्य चल रहा था, जिसके लिए एक अस्थायी मार्ग बनाया गया था। इसी दौरान नहर विभाग ने बिना किसी पूर्व सूचना के नहर में पानी छोड़ दिया, जिससे यह अस्थायी पुल बह गया। पुल बहने के कारण लोगों को कई किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा था। भीषण गर्मी में लंबे जाम की स्थिति से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मीडिया में यह मामला प्रमुखता से उठाए जाने के बाद प्रशासन हरकत में आया। अपर जिलाधिकारी (एडीएम) सुशील कुमार गौड़ ने स्थिति का संज्ञान लेते हुए नहर विभाग और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों के साथ बैठक की।



## उन्नाव में दिनदहाड़े बाइक लूट से दहशत, बदमाशों ने दो लोगों को किया घायल

टीवी भारतवर्ष उन्नाव

उन्नाव के अचलगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर बदमाशों ने दिनदहाड़े दो बाइक लूट लीं। उन्होंने दो अन्य वारदातों का भी प्रयास किया, जिसमें विरोध करने पर दो लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना बीघापुर थाना क्षेत्र के गणेशखेड़ा गांव के कौशल, विजय और मनीष के साथ हुई। ये तीनों अपनी मौसी के घर नेवरना जा रहे थे। जमेल नहर के पास दो बाइकों पर सवार छह बदमाशों ने उन्हें रोका, तमंचा दिखाकर मोबाइल छीना और उनकी बाइक लेकर भागने लगे। विरोध पर बदमाशों ने मनीष के सिर पर कट्टे की बट से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीआरवी पुलिस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। दूसरी घटना में दाउदपुर निवासी अविरल पुत्र मनोज की बाइक अचलगंज-सैदपुर मार्ग पर भट्ठे के पास तीन बाइक सवार बदमाशों ने छीन ली। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस उन्नाव-लालगंज हाईवे स्थित जियो पेट्रोल पंप के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, जिसमें संदिग्ध बाइक सवार दिखाई दिए हैं। तीसरी वारदात कोलुहागाड़ा मार्ग पर झउहा शराब ठेके के पास हुई, जहां बदमाशों ने एक अन्य राहगीर को निशाना बनाने का प्रयास किया। इस प्रयास में पीड़ित घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए बीघापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनाओं की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी मधुप नाथ मिश्र और थाना प्रभारी बृजेश कुमार शुक्ल भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक ने भी थाने पहुंचकर मामले की जानकारी ली। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और संदिग्धों के हुलिए के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।



## उन्नाव में बड़े मंगल की धूम, सुंदरकांड और भंडारों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

टीवी भारतवर्ष हाथरस

उन्नाव में ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगलवार को शुक्लागंज और उन्नाव शहर में धार्मिक उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर जगह-जगह सुंदरकांड पाठ, विशाल भंडारे और शरबत वितरण के आयोजन किए गए। सुबह से ही मंदिरों और भंडारा स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शुक्लागंज-उन्नाव में पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं समाजसेवक राजेश गुप्ता 'गोल्डी' ने एक विशेष धार्मिक आयोजन किया। राजधानी मार्ग स्थित उनके कैंप कार्यालय में सुंदरकांड पाठ और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह सुंदरकांड पाठ से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। दोपहर से शुरू हुए भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक राजेश गुप्ता 'गोल्डी' ने बताया कि ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार का विशेष धार्मिक महत्व है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन बजरंगबली की कृपा से क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने और पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की। उन्नाव शहर के अन्य इलाकों में भी बड़े मंगल के अवसर पर जगह-जगह भंडारे आयोजित किए गए। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं को सब्जी-पूरी, बूंदी, हलवा और शरबत वितरित किया गया। तेज गर्मी के बावजूद राहगीरों और भक्तों ने शरबत पीकर राहत महसूस की। मंदिरों में हनुमान चालीसा और सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी हुआ। इन धार्मिक आयोजनों के कारण पूरे दिन शहर में भक्तिमय माहौल बना रहा। हनुमान मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। लोगों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की खुशहाली और संकटों से मुक्ति की प्रार्थना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, ज्येष्ठ माह के सभी मंगलवार को "बड़ा मंगल" कहा जाता है। इस दिन भगवान हनुमान की विशेष पूजा और भंडारा करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं तथा मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसी आस्था के चलते प्रतिवर्ष बड़े मंगल पर बड़े स्तर पर धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। कार्यक्रमों के दौरान आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं भी की गई थीं।

## उन्नाव में वित्तीय गड़बड़ी का मामला, ब्लॉक मिशन प्रबंधक पर FIR दर्ज



टीवी भारतवर्ष हाथरस

उन्नाव के पुरवा विकास खंड में ब्लॉक मिशन प्रबंधक दीप राज के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई आईजीआरएस पोर्टल पर मिली शिकायत की जांच में गड़बड़ी पाए जाने के बाद की गई। इस घटना को लेकर ग्राम्य विकास विभाग और प्रशासनिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। जानकारी के अनुसार, पुरवा विकास खंड में स्वयं सहायता समूहों को भेजे जाने वाले फंड में अनियमितता की शिकायत आईजीआरएस पोर्टल पर मिली थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि बीएमएम और कुछ क्लस्टर पदाधिकारियों की मिलीभगत से सीएलएफ (क्लस्टर लेवल फेडरेशन) के माध्यम से समूहों को मिलने वाली धनराशि को गलत तरीके से अन्य खातों में भेजा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए परियोजना निदेशक की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित की गई थी। इस समिति की रिपोर्ट में अनियमितताओं की पुष्टि हुई, जिसके बाद रिपोर्ट आयुक्त ग्राम विकास, लखनऊ को भेजी गई। हालांकि, आयुक्त ग्राम विकास ने प्रारंभिक रिपोर्ट को अस्वीकार करते हुए कार्रवाई न होने पर सवाल उठाए थे। इसके बाद, उपायुक्त भानु प्रताप सिंह ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल एफआईआर दर्ज कराने और नियमानुसार वसूली की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए। पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया कि ब्लॉक मिशन प्रबंधक दीप राज के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर उसकी प्रति आयुक्त ग्राम्य विकास उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को भी उपलब्ध कराई जाए।



## वाहन चालकों को धमकाकर वसूलते थे पैसे, फर्जी पत्रकार बनकर घूम रहे थे आरोपी

उन्नाव पुलिस ने खुद को मीडियाकर्मी बताकर वाहन चालकों से अवैध वसूली करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से नगदी और फर्जी प्रेस आईडी कार्ड बरामद किए हैं। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। यह मामला दही थाना क्षेत्र स्थित फैक्ट्रियों में मवेशी लेकर आने वाले वाहन चालकों से जुड़ा है। अमेठी जिले के छोटा गुरियाना मोहल्ला निवासी अरविंद कुमार सोनकर उर्फ बबलू ने सदर कोतवाली में तहरीर दी। उन्होंने बताया किवह लोडर चालक हैं और मवेशियों को वाहन में लादकर फैक्ट्री लाने-ले जाने का काम करते हैं। पीड़ित चालक के अनुसार, एक रात वह मवेशियों से भरा वाहन लेकर रायबरेली मार्ग से दही थाना क्षेत्र जा रहे थे। तभी दो बाइकों पर सवार चार लोगों ने उनका वाहन रोक लिया। आरोप है कि सभी ने खुद को पत्रकार बताते हुए उन्हें वाहन से नीचे उतारा और धमकाने लगे। आरोपियों ने उनसे 25 हजार रुपये की मांग की। चालक के मना करने पर आरोपितों ने वाहन न जाने देने और हाथ-पैर तोड़कर जान से मारने की धमकी दी। डरे-सहमे चालक ने अपनी जान बचाने के लिए आरोपितों को 10 हजार रुपये दे दिए। इसके बाद उन्होंने मोबाइल फोन से मवेशी और वाहन मालिक को पूरी घटना की जानकारी दी। चालक का आरोप है कि जाते समय आरोपितों ने हर महीने 25 हजार रुपये दिलवाने की बात कही और रकम न देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। आरोपियों की पहचान प्रशांत तिवारी, पुष्पेंद्र, आमिर और शिव प्रताप सिंह के रूप में हुई है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। देर रात पुलिस ने सदर कोतवाली क्षेत्र के अवस्थी खेड़ा गांव निवासी प्रशांत तिवारी पुत्र बिंदादयाल, पहलीखेड़ा ललऊ खेड़ा निवासी पुष्पेंद्र यादव पुत्र राम बालक और छोटा चौराहा अब्बास बाग निवासी आमिर पुत्र सलीम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से 8 हजार रुपये नगद और फर्जी प्रेस आईडी कार्ड बरामद किए हैं।

# दो दिवसीय दौरे पर रायबरेली पहुंचे राहुल गांधी, जनसंवाद और विकास कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**रायबरेली सांसद राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। वह विकास कार्यों के उद्घाटन, महिला संवाद, जनसंवाद और पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल होंगे। साथ ही वीरवर वीरा पासी की प्रतिमा का लोकार्पण भी करेंगे।**



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी मंगलवार को अपने दो दिवसीय दौरे पर उत्तर प्रदेश पहुंचे। सुबह करीब 10:55 बजे वह चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, लखनऊ पहुंचे, जहां पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से निकलने के बाद राहुल गांधी सीधे सड़क मार्ग से रायबरेली के लिए रवाना हो गए। उनके इस दौरे को राजनीतिक और संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इसमें जनसंवाद, विकास कार्यों के उद्घाटन और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ रणनीतिक बैठकों का कार्यक्रम शामिल है। रायबरेली पहुंचने के बाद राहुल गांधी का पहला कार्यक्रम बछरावां विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित है। यहां वह एक बरातघर का उद्घाटन करेंगे और ग्राम विकास संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान वह स्थानीय नागरिकों से सीधे बातचीत कर क्षेत्र की समस्याओं, विकास कार्यों और जनसुविधाओं को लेकर सुझाव प्राप्त करेंगे। कांग्रेस पार्टी इसे जनता से सीधा जुड़ाव मजबूत करने की पहल के रूप में देख रही है। इसके बाद राहुल गांधी हरचंदपुर क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक के दौरान संगठन की स्थिति, आगामी राजनीतिक रणनीति और बूथ स्तर तक पार्टी की मजबूती पर चर्चा होने की संभावना है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी कार्यकर्ताओं को आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए तैयार रहने का संदेश भी देंगे। रायबरेली कांग्रेस का पारंपरिक गढ़ माना जाता रहा है, ऐसे में संगठनात्मक सक्रियता को मजबूत बनाए रखना पार्टी की प्राथमिकता है।अपने दौरे के अगले चरण में राहुल गांधी लालगंज और सरेनी क्षेत्र का दौरा करेंगे, जहां वह महिला संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस दौरान वह महिलाओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, रोजगार, शिक्षा, सुरक्षा और सामाजिक योजनाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। कांग्रेस नेतृत्व लंबे समय से महिला मतदाताओं के साथ संवाद बढ़ाने पर जोर देता रहा है और यह कार्यक्रम उसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। इसके अलावा राहुल गांधी वैभव नगर में सड़क लोकार्पण कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। यहां वह क्षेत्रीय विकास कार्यों का उद्घाटन करेंगे और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखेंगे। स्थानीय स्तर पर इस कार्यक्रम को विकास योजनाओं के प्रचार और जनता से संवाद का महत्वपूर्ण मंच माना जा रहा है। दौरे के दूसरे दिन यानी 20 मई को राहुल गांधी लोधवारी में महान स्वतंत्रता सेनानी वीरवर वीरा पासी की प्रतिमा का लोकार्पण करेंगे। इस कार्यक्रम को सामाजिक और राजनीतिक दृष्टि से विशेष महत्व दिया जा रहा है, क्योंकि वीरा पासी को सामाजिक न्याय और वीरता के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। माना जा रहा है कि इस आयोजन के जरिए कांग्रेस सामाजिक समरसता और ऐतिहासिक विरासत से जुड़ाव का संदेश देने की कोशिश करेगी।अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान राहुल गांधी खीरो स्थित सरस्वती कॉलेज में जनसंवाद कार्यक्रम में भी भाग लेंगे। यहां वह युवाओं, छात्रों और स्थानीय लोगों से सीधे बातचीत करेंगे तथा उनकी समस्याओं और सुझावों को सुनेंगे।

## युवक ने सट्टे के कर्ज से परेशान होकर गुरूवार रात जान दे दी

कानपुर में एक युवक ने सट्टे के कर्ज से परेशान होकर गुरूवार रात जान दे दी। युवक ने पहले होटल में कमरा बुक कराया और फिर उसी कमरे में पंखे से लटक कर सुसाइड किया। देर रात तक कमरे से कोई आवाज न आने पर होटल कर्मचारियों को शक हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव बरामद किया। मृतक की पहचान रावतपुर थाना के मस्वानपुर सराय निवासी प्रशांत दीक्षित (27) के रूप में हुई। प्रशांत प्राइवेट नौकरी करते थे। परिवार में मां अर्चना दीक्षित, पत्नी अंशिका दीक्षित और डेढ़ साल की बेटी भाव्या हैं। मृतक के बहनोई दीप अग्निहोत्री ने बताया कि प्रशांत टाटा कंपनी में नौकरी करता था। गुरुवार सुबह रोज की तरह ऑफिस जाने की बात कहकर घर से निकला था। दिनभर परिजनों ने कई बार उन्हें फोन किया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। दो दिन पहले पड़ोसी युवक ने जान से मारने की धमकी दी थी। कल्याणपुर के होटल रास प्लाजा में प्रशांत का दोस्त काम करता है, यहीं गुरुवार सुबह 10 बजे प्रशांत कमरा लेकर रुका। गुरुवार रात करीब 8 बजे होटल मालिक आदित्य को कर्मचारी ने बताया कि उनका दोस्त प्रशांत सुबह से न तो बाहर निकला और न ही कमरे से कोई आवाज आ रही है। कर्मचारियों ने कई बार दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। सूचना पर होटल मालिक मौके पर पहुंचे। उन्होंने भी काफी देर तक दरवाजा खटखटाया। प्रशांत के मोबाइल पर कॉल की गई तो फोन बंद मिला। इसके बाद होटल मालिक ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कल्याणपुर थाने की पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कमरा नंबर-302 का दरवाजा तोड़ा तो अंदर का दृश्य देखकर सभी सन्न रह गए। कमरे में प्रशांत का शव पंखे से चादर के सहारे लटका मिला। इसके बाद होटल पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए।

## लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने कई जिलों में स्कूल बंद करने के आदेश



उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और हीटवेव की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने कई जिलों में स्कूल बंद करने के आदेश दिया है। जानकारी के मुताबिक, भीषण गर्मी की वजह से वाराणसी में सभी स्कूल 25 मई तक बंद रहेंगे। वहीं, आगरा में भी स्कूल बंद करने के आदेश दिए गए हैं। राजधानी लखनऊ में 15 जून तक सभी स्कूल बंद करने के आदेश दिए गए हैं। कानपुर जिला प्रशासन ने भी बड़ा निर्णय लिया है। मौसम विभाग की ओर से जारी चेतावनी के बाद प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कानपुर जिलाधिकारी ने जिले के सभी प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 8 तक के स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है। आदेश के अनुसार यह निर्णय जिले के सभी शैक्षिक बोर्डों के विद्यालयों पर लागू होगा। इसमें सीबीएसई, आईसीएसई, यूपी बोर्ड समेत अन्य सभी मान्यता प्राप्त विद्यालय शामिल हैं। प्रशासन की ओर से कहा गया है कि भीषण गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए एहतियात के तौर पर यह कदम उठाया गया है। पिछले कुछ दिनों से प्रदेश के कई जिलों में तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने भी आगामी दिनों में लू और अत्यधिक गर्म हवाओं की संभावना जताई है। दिन के समय तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि छोटे बच्चों पर हीटवेव का असर अधिक पड़ता है और लंबे समय तक धूप में रहने से डिहाइड्रेशन, चक्कर आने तथा अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए कानपुर जिलाधिकारी ने जिले के सभी प्री-प्राइमरी से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के लिए 31 मई 2026 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करने का आदेश जारी किया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी विद्यालयों को इस आदेश का सख्ती से पालन करना होगा। इसके साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को आदेश के अनुपालन की निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने विद्यालय प्रबंधन से भी अपील की है कि वे विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। प्रशासन का मानना है कि बच्चों की सुरक्षा किसी भी परिस्थिति में सबसे महत्वपूर्ण है और मौसम की गंभीर स्थिति को देखते हुए यह निर्णय आवश्यक था। अब अभिभावकों ने भी प्रशासन के इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे बच्चों के हित में उठाया गया कदम बताया है।

## साइको किलर को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया



उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में 24 घंटे में तीन हत्याओं को अंजाम देने वाले साइको किलर को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है। रात करीब 11 बजे दरियापुर में सीन रीक्रिएशन के दौरान वह पुलिस की पिस्टल छीनकर भाग रहा था। आरोपी के सीने और पेट में दो गोलियां लगी हैं। इस दौरान एसआई और जीआरपी सिपाही घायल हुए हैं।

डीआईजी वाराणसी रेंज वैभव कृष्ण के मुताबिक, अमृतसर के रहने वाले गुरप्रीत सिंह ने पहली वारदात रविवार सुबह 6.45 पर पैसेंजर ट्रेन में अंजाम दी थी। जिसमें आरोपी ने ताड़ीघाट पैसेंजर ट्रेन में चढ़कर गाजीपुर के रहने वाले 34 साल के मंगरू की हत्या कर दी थी। इसके बाद वो 10 मई की रात 1:30 बजे जम्मूतवी एक्सप्रेस में सवार हुआ और बिहार के गया के दिनेश साहू पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस घटना के बाद वो पैदल घूमता रहा, सोमवार की सुबह करीब 7:30 बजे मुगलसराय के जीवक अस्पताल पहुंचा। वहां डॉक्टर से इलाज कराने के लिए पर्ची बनवाई और उसके बाद वार्ड में घुस गया। वहां भर्ती महिला लक्ष्मीना देवी के सिर पर रिवॉल्वर रखकर गोली चला दी। वारदात के बाद भाग रहे आरोपी को वॉर्ड बॉय और बाकी लोगों ने पकड़कर पीटा और पुलिस के हवाले कर दिया था। उसके पास से पुलिस ने लाइसेंसी रिवॉल्वर, डबल बैरल बंदूक और कारतूस बरामद किए थे। आरोपी ने तीन हत्याएं करने की बात कबूली थी। पूछताछ में सामने आया था कि गुरप्रीत सिंह ने 2021 में सेना की नौकरी छोड़ दी थी। 29 अप्रैल को नौकरी के लिए पंजाब से बिहार के आरा गया था। वहां शराब की लत के कारण उसे सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी से निकाल दिया था।

